# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का खोवा मंडी में छापा; मचा हड़कंप, तीन मिठाई कारखानों से लिए गए नमूने

## गंदगी मिलने पर कलकत्ता और आशा स्वीट्स को नोटिस,टीम देखते ही यूपी के खोवा व्यापारी भागे

सतना।

**कलेक्टर के निर्देश एवं अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) डॉ.मनोज शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले के खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध शिकंजा कसना शुरू हो गया है। शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर मिलावटखोरों और अस्वच्छता बरतने वाले संचालकों के खिलाफ कड़ा अभियान चलाया।**

### कारखानों में मिली गंदगी

टीम ने बिरला रोड और रीवा रोड स्थित प्रसिद्ध मिठाई कारखानों का भी औचक निरीक्षण किया। कलकत्ता स्वीट्स के कारखाने के निरीक्षण में भारी गंदगी और साफ-सफाई का अभाव पाया गया। मानक नियमों की अनदेखी करने पर टीम ने यहाँ से खोवा,बूंदी और छेना रसगुल्ला के नमूने लिए।आशा स्वीट्स (बिरला रोड) में भी स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। टीम ने कारखाने से खोवा,कलाकंद और पेड़ा के नमूने जब्त किए। मां वैष्णो स्वीट्स (रीवारोड) में गहरा नाला स्थित इस प्रतिष्ठान की जांच कर टीम ने छेना रसगुल्ला,गुलाब जामुन और नमकीन के नमूने लिए। गंदगी पाए जाने पर कलकत्ता स्वीट्स और आशा स्वीट्स को नोटिस जारी किया जा रहा है। साथ ही संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि भविष्य में मानकों के अनुरूप स्वच्छता न मिलने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





### खोवा मंडी में भगदड़ का माहौल

अभियान के तहत टीम सबसे पहले जगतदेव तालाब रोड स्थित खोवा मंडी पहुंची। टीम की आहट पाते ही वहां हड़कंप मच गया और अधिकांश खोवा विक्रेता अपनी दुकानें छोड़कर नौ दो ग्यारह हो गए। गौरतलब है कि इस मंडी में उत्तर प्रदेश के मानिकपुर से आए व्यापारी खोवा बेचते हैं। कार्रवाई के दौरान टीम ने कमलेश यादव की दुकान से खोवा के अलग-अलग किस्मों के नमूने एकत्र किए।

### जांच टीम में ये रहे शामिल

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई को खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौड़,शीतल सिंह और अशोक कुर्मी की टीम ने अंजाम दिया। विभाग की इस सक्रियता से मिलावटखोरों में हड़कंप व्याप्त है।

# मैहर टॉकीज से बाबा तालाब तक उड़ती धूल से नागरिक परेशान
## सिंचाई न होने से उड़ रही धूल से लोग बन रहे है आंख, श्वास रोगी

मैहर।

मैहर नगर में कार्यरत ठेकेदार और नगर पालिका की उदासीनता का खामियाजा नगर वासी भुगत रहे हैं। नगर में उड़ रही धूल के कारण नगरवासी एलर्जी का शिकार हो रहे हैं।देखा जा रहा है कि इन दिनों नगर में सीवर लाइन और पाइप लाइन डालने वाले सड़क को खोद कर मिट्टी सड़क के किनारे डाल देते है जो वाहन के चलने से धूल बन कर उड़ती है और सड़क के किनारे दुकानों एवं घरों में भर जाती है जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है मगर संबंधति अधिकारियों को कुछ नहीं दिखाई दे रहा है।

इन दिनों सतना रोड में यह नजारा देखने को मिल रहा है जहां पर शारदा टाकीज से बाबा तालाब तक खोदाई का कार्य चल रहा है जिसकी निकलने वाली मिट्टी सड़क के किनारे सड़क में पड़ी हुई है जो वाहनों के चलने से धूल बन कर उड़ रही है जो लोगों के घरो में रखे सामान में मिट्टी की परत जम जाती है वहीं व्यापारियों की दुकान में रखा सामान धूल के जमने से खराब हो रहा है। इस धूल के उड़ने से लोगों की आंख में धूल भरने आंख के रोगी बन रहे है वहं लोंग स्वास के मरीज भी बनते जा रहे है। टॉकीज से नगर तालाब तक सड़क के किनाने रहने वालों लोगों को कहना है कि हम लोग सही से सांस ले पा रहे है और आंखों मे जलन और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत बढ़ रही है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार के द्वारा न मिट्टी हटवाई जा रही न हीं पानी का छिड़काव किया जा रहा है जिससे धूल न उड़ें। इस संबंध में नगर पालिका परिषद एवं जन प्रतिनिधि मूक दर्शक बने बैठे हुए यही नही इस सड़क से कलेक्ट्रेट एवं न्यायालय जाने वाले लोग भी इसी रोड से निकलते है। इस सड़क के किनारे रहनेवालों ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में कार्रवाई करने की मांग की है।




### गौ-वध प्रतिबंध और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

# विधायक आतिफ आरिफ अकील का अभिनंदन

मैहर।

मैहर नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी 'दद्दा' ने विधानसभा में गौ-वध पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग को सशक्त रूप से उठाने पर कांग्रेस विधायक आतिफ आरिफ अकील का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह विषय प्रदेश की आस्था,परंपरा और व्यापक जनभावनाओं से जुड़ा हुआ है,जिसे सदन में प्रभावी ढंग से उठाना एक साहसिक और सराहनीय पहल है। विधायक आतिफ अकील ने विधानसभा में अशासकीय संकल्प के माध्यम से गौ-वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की साथ ही उन्होंने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने तथा गोवंश से जुड़े गौमांस और चमड़े के व्यापार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने की भी मांग रखी। उन्होंने कहा कि जब देश में आस्था और संस्कृति के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठा रही है,तब एक मुस्लिम विधायक द्वारा इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाना सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश देता है। प्रभात द्विवेदी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी केवल हिंदूवादी राजनीति कर जनता से वोट लेने का कार्य करती है,जबकि जमीनी स्तर पर गौ-संरक्षण, किसानों की स्थिति और पशुपालकों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीरता नहीं दिखाती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा संवेदनशील विषयों पर स्पष्ट, संतुलित और जनहितकारी रुख अपनाती रही है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ने विधायक आतिफ अकील को विधानसभा के सेंट्रल हॉल चुनरी व दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया।





# भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर शिक्षक संघ गदगद

मैहर।

जिले के शिक्षा विभाग में प्राचार्यों के खातों में आई राशि के कथित बंदरबांट और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया था। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दबाव बनाकर राशि आहरित कराई गई और फिर प्राचार्यों पर ही FIR दर्ज करवा दी गई थी मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने इस अन्याय के खिलाफ विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया। उन्होंने वास्तविक दोषियों और उच्चाधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए निर्दोष प्राचार्यों का पक्ष मजबूती से रखा। विधायक के हस्तक्षेप के बाद इस मामले में पारदर्शिता और न्याय की उम्मीद जगी,जिससे पीड़ित शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है। आज शिक्षक संगठनों ने विधायक जी से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। रामायण प्रसाद द्विवेदी,अशोक तिवारी,मनमोहन दुबे और संदीप मिश्रा सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने विधायक के कर्मचारी हित के इस कार्य की सराहना की।

# ओवर लोड ट्रक चालकों को मिठाई खिला कर एवं माला पहनाकर किया गया विरोध

मैहर।

जिले के ग्राम सोनवारी में सड़क सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों के द्वारा अनोखा प्रदर्शन किया गया। बताया गया कि आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं और तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रकों के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने इस बार विरोध के लिए पत्थरों या नारों का नहीं,बल्कि फूलों और लड्डुओं का सहारा लिया गया वहीं ट्रक ड्राइवरों का 'मीठा' स्वागत,कड़वा सच बताने की कोशिश की गई। ग्रामीणों ने सड़क पर ओवरलोड और तेज रफ्तार ट्रकों को रोककर उनके चालकों को तिलक लगाया,फूलों की माला पहनाई और उन्हें लड्डू खिलाए। यह विरोध का एक व्यंग्यात्मक तरीका था,जिसके जरिए चालकों को यह अहसास कराने की कोशिश की गई कि उनकी लापरवाही आम जनता की जान पर भारी पड़ रही है।

प्रशासन की चुप्पी पर 'गांधीगिरी' का प्रहार,प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी उमाकांत उपाध्याय 'मंटू भैया' ने कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार पर लगाम कसने में नाकाम रहा है। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं,बल्कि प्रशासन और वाहन चालकों की सोई हुई अंतरात्मा को जगाना है। सड़क पर चलने वाले हर इंसान की जिंदगी की कीमत है।



### ओवरलोडिंग पर रोकः

ट्रकों में क्षमता से अधिक माल ढोने पर सख्ती की मांग। रिहायशी इलाकों और ग्रामीण सड़कों पर गति सीमा तय करने की अपील। तख्तियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। इस शांतिपूर्ण और अनोखे प्रदर्शन में उमाकांत उपाध्याय मंटू के साथ शैलेंद्र ओझा,मनोज कोरी,विजयभान सिंह,गणेश पटेल,रॉंकी बंसल,रोहित बंसल,उमाशंकर उपाध्याय,अंकित पटेल,राजा, आशीष दहिया,वीरू कोल,बिरी पटेल,राजू सेन,सच्चू साहू,राकेश पाल एवं बादल रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# होली एवं ईद पर्व को लेकर प्रशासन सतर्क, शांतिपूर्ण आयोजन के दिए निर्देश



मैहर।

आगामी त्योहार होली एवं ईद को दृष्टिगत रखते हुए मैहर कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ चर्चा कर त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। बैठक में तहसीलदार जितेंद्र पटेल,सीएमओ प्रिंस अग्रवाल,जेई शिव नारायण त्रिपाठी सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान तथा टीआई अनिमेश द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने डीजे संचालकों को निर्धारित समय सीमा का पालन करने,ध्वनि प्रदूषण नियमों का सख्ती से अनुपालन करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने के निर्देश दिए। बैठक में नितिन तामकार जितेन्द्र पांडे,विनोद चौरसिया सुदामा प्रजापति, इस्लाम,आदिल, लेखराज, निखिल मिश्रा, उमाकांत उपाध्याय,छोटू कुशवाहा,रामजी सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया जाएगा।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान नगर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे तथा शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गति विधि या अफवाह की सूचना तुरंत पुलिस को दें,ताकि मयहर में सौहार्द और शांति का वातावरण बना रहे।

## मैहर में होगा संगीत कार्यक्रम की अनुपम प्रस्तुति



**मैहर**। सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर ऐमोंगस्ट यूथ की तत्वाधान में देश के जाने-माने सुप्रसिद्ध संतूर वादक पंडित अभय रुस्तम सोपोरी (संतूर) दिल्ली का आगमन मैहर हो रहा है जिनकों भारत सरकार के पुरस्कार' में कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। मैहर अध्याय की शुरुआत 28जनवरी 2000 को देश के जाने-माने गायक बंधु पंडित राजन साजन मिश्र की प्रस्तुति से हुई थी।आज संस्था के लेक्चर डेमोंसट्रेशन श्रृंखला में देश जाने माने संतूर वादक पंडित अभय रुस्तुम सोपोरी(संतूर) दिल्ली संगतकार के रूप में अंकित पारीक (पखावज) दिल्ली चंचल सिंह (तबला) दिल्ली आगमन दिनांक 22 मार्च 2026 दिन रविवार को हो रहा है। आपका प्रवास मैहर में दिनांक 22 मार्च 2026 से 26 मार्च 2026 तक रहेगा और उस दरमियां आप जिले के विभिन्न विद्यालयों में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे।

## खबर संक्षेप

### अतिक्रमण की भेंट चढ़ रही है सरला नगर के आस पास की सरकारी जमीनें

**मैहर।** मैहर जिले के सरला नगर में सरकारी जमीनों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी जिन कंधों पर है, वही अब भक्षक की भूमिका में नजर आ रहे हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि सरला नगर क्षेत्र में वन विभाग की बेशकीमती शासकीय भूमि पर इन दिनों बड़े पैमाने पर अतिक्रमण का खेल चल रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस पूरे खेल को वन विभाग के बीट प्रभारी अखिलेश सिंह का मौन संरक्षण प्राप्त है।

**करोड़ों की भूमि पर 'अवैध' निर्माण**

सूत्रों के अनुसार,सरला नगर के विभिन्न हिस्सों में करोड़ों रुपये की वन भूमि पर अवैध तरीके से पक्के निर्माण और बाउंड्री वॉल खड़ी की जा रही है। ताज्जुब की बात यह है कि इसकी सूचना बीट प्रभारी अखिलेश सिंह को बार-बार दी गई,लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक केवल आश्वासन की घुट्टी ही मिली है। स्थानीय लोगों का सीधा आरोप है कि बीट प्रभारी की मिलीभगत से ही भू-माफिया दिन-रात सरकारी जमीन का सीना छलनी कर रहे हैं। नालों को बंद कर बुलाई जा रही है आपदा,अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने न केवल जमीन घेरी,बल्कि क्षेत्र के मुख्य नालों को भी पाटकर बंद कर दिया है। जल निकासी के रास्ते बंद होने से आने वाले मानसून में सरला नगर के रिहायशी इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। मुख्य नालों के बंद होने से सड़कों और निजी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। बताया जा रहा है कि इस संबंध में कई बार अखिलेश सिंह(बीट प्रभारी) को मौके की तस्वीरें और जानकारी भेजी लेकिन वह शिकायतों को नजरअंदाज कर रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे उन्हें सरकारी जमीन की नहीं बल्कि अतिक्रमण कारियों के हितों की चिंता है।वन विभाग की इस लापरवाही ने शासन की छवि पर भी सवालिया निशान लगा दिया है। क्या वरिष्ठ अधिकारी इस भ्रष्टाचार और अतिक्रमण पर संज्ञान लेंगे? या फिर सरला नगर की ये करोड़ों की जमीन इसी तरह रसूखदारों और लापरवाह अधिकारियों की भेंट चढ़ जाएगी?

### लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट विधायक कप का समापन आज

**मैहर।** मैहर क्रिकेट क्लब के द्वारा आयोजित लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट विधायक कप -2026 का समापन 1 मार्च को सुबह 11 बजे खेल मैदान में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी होंगे जब कि अध्यक्षता गीता संतोष सोनी न.पा.प. मैहर करेगी। इस दौरान विशिष्ठ अतिथि के रूप में रमेश पांडेय बम-बम महाराज,श्रीमती शीतल नितिन ताम्रकार उपाध्यक्ष न.पा.प. मैहर,श्रीमती ललिता सूर्यप्रकाश चौरसिया,धर्मेश घई,विश्वनाथ चौरसिया,डॉ.केसी जैन उपस्थित रहेंगे।

### एकेएस विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस संपन्न



**सतना।** राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस आज एकेएस विश्वविद्यालय में गंभीरता और अकादमिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया,नई दिल्ली के आह्वान पर आयोजित किया गया। विवेकानंद सभागार में औषधि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के निदेशक डॉ.सूर्य प्रकाश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि फार्मेसी शिक्षा अब केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है,बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की केंद्रीय शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुसंधान,नई औषधि विकास,गुणवत्ता नियंत्रण और डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।इस वर्ष का विषय "नवाचार और फार्मेसी का भविष्य" रहा। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि आधुनिक फार्मासिस्ट की भूमिका दवा वितरण से आगे बढ़कर रोगी परामर्श, नैदानिक अनुसंधान और डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन तक विस्तृत हो चुकी है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित फार्मा रंगोली और फार्मा पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने व्यापक भागीदारी की। प्रस्तुतियों में सुरक्षित दवा उपयोग,स्वास्थ्य जागरूकता,कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शोध और समाज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं के विषय प्रमुख रहे। यह आयोजन भारत में औषधि शिक्षा के अग्रदूत माने जाने वाले प्रोफेसर एम. एल. सराफ की जयंती (6 मार्च) के उपलक्ष्य में भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### पवई में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक



**पवई।** आगामी पर्व होलिका दहन, होली, रंग पंचमी, ईद और महावीर जयंती को लेकर थाना परिसर पवई में अनु विभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमति भावना दांगी की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक संपन्न हुई। बैठक में त्योहारों को कैसे बेहतर तरीके से मनाए लेकर आए हुए गणमान्य लोगों से सुझाव लिए गए,साथ ही इनको शांतिपूर्वक,उत्साह और सद्भावना के साथ बिना नशा खोरी किए मनाने की अपील भी की गई ,साथ ही इन पर्वों को और कैसे बेहतर तरीके से मनाए उसके लिए भी सुझाव दिए गए। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुशील अहिरवार, तहसीलदार त्रिलोक सिंह,शांति समिति के सदस्य,गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार गण मौजूद रहे।

### श्रीमती पुष्पा देवी बढौलिया का निधन



**पवई।** नगर के प्रतिष्ठित बढौलिया परिवार के मिलोनीगंज निवासी सुशील मेडिकल के संचालक सुशील बढौलिया की धर्मपत्नि श्रीमती पुष्पा देवी बढौलिया का 61 वर्ष की आयु मे दुखद निधन हो गया। अंतिम संस्कार शनिवार को मुक्तीधाम मे किया गया उनके निधन पर सभी ने अश्रुपूरित शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चिकित्सालय में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ



**पन्ना।** जिला चिकित्सालय पन्ना में शनिवार को एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने भी अपनी पुत्री सान्वी गुप्ता का टीकाकरण कराया और निर्धारित आयु वर्ग की समस्त किशोरी बालिकाओं से टीकाकरण कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण से होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए यह टीका कारगर है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से एचपीवी टीका समस्त 14-15 वर्ष की किशोरियों को निःशुल्क लगाया जाएगा। जिले के सभी माता-पिता और अभिभावकों से एचपीवी संक्रमण से बच्चों को मुक्त कराने के लिए टीकाकरण कराने की अपील की गई है।

### पंडित पूरन प्रसाद त्रिपाठी शास्त्री जी का दुखद निधन



**पन्ना।** पंडित पूरन प्रसाद त्रिपाठी शास्त्री जी रैकरा (सिमरिया) का देवलोक गमन हो गया है जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को दोपहर 11 बजे ग्राम रैकरा में किया गया।

### 100 वनकर्मियों एवं आदिवासी ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**पन्ना।** जेके सीमेंट के पर्यावरण विभाग द्वारा दक्षिण पन्ना वनमंडल के कल्दा परिक्षेत्र में छठा निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर में वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, उनके परिजन, वन समिति सदस्य, स्थानीय ग्रामीण तथा मीडियाकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह स्वास्थ्य शिविर यूनिट हेड कपिल अग्रवाल एवं एचआर हेड अवनीश गौतम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# थाना प्रभारी सिमरिया जगतपाल सिंह की शासकीय सेवा से एक दिन पूर्व बग्घी में सवार होकर हुए विदा

**जिले में पहली बार इस तरह से आम जनता ने थाना प्रभारी की विदाई की है। दूल्हे की तरह घुड़बग्घी में बैठाकर नगर निरीक्षक का नगर भ्रमण भी विदाई समारोह के दौरान आकर्षण का केन्द्र रहा। विदाई के इन पलों को दिषा देने में सेना के सपूत सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी व उनके सहयोगी राजूराजा तथा मीडिया से जुड़े पत्रकार दीपक द्विवेदी की सोच इस विदाई समारोह को लेकर यादगार बनाने में सदैव जाना जायेगा।**





**पन्ना।** जिले के अंतर्गत थाना सिमरिया प्रभारी जगतपाल सिंह जिनकी 45 वर्ष की सेवा पुलिस विभाग में पूर्ण होने पर आम जनता ने अपने थाना प्रभारी की विदाई समारोह को सदैव के लिए यादगार बना दिया। गौरतलब बात यह थी कि एक दिन पूर्व इस विदाई समारोह का आयोजन सिमरिया में जहां सेना के सपूत सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी व उनके मित्र राजूराजा तथा मीडिया जगत से जुड़े दीपक द्विवेदी व उनकी टीम ने इस विदाई समारोह को सदैव के लिए यादगार बनाया। सोच से ही कहीं न कहीं सफलता साबित होती है जो इस विदाई समारोह में आयोजकों की सोच से ही साबित हुआ। सरल व्यक्तित्व के धनी व्यवहार कुषलता उनके चेहरे से ही झलकती माता पिता के संस्कारों से वहीं गुरूजनों के आर्षीवाद से जो शासकीय सेवा का सफर पुलिस विभाग में आरक्षक के पद से जगत पाल सिंह जी आरंभ हुआ वह सेवा निवृत्त के समय थाना प्रभारी सिमरिया के रूप में उनका यह कार्यकाल थाना क्षेत्र की आम जनता को ऐसा भाया जो आम जनता के दिलों में थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली सुरक्षा के साथ-साथ उनकी दोस्त की भूमिका को लेकर सभी को पसंद आई या यह कहें कि उनकी कार्यप्रणाली से आम जनता में अपराधों की रोकथाम तो हुई ही वहीं जो लोग पुलिस से दूरी बनाते थे आज पुलिस को अपने दिलों में जगह देने को लेकर जगत पाल सिंह थाना प्रभारी की यह विदाई साक्षी बनी। जगत के पालनहार भगवान कृष्ण के प्रतिमा जो सेना के सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी व उनके सहयोगी मित्र राजूराजा तथा दीपक द्विवेदी ने जैसे ही भेंट की वैसे ही मंच में ये पल अलग ही साक्षी बन गये। जगत के पालनहार की सेवा व अपने माता-पिता की सेवा का कार्यकाल जहां बुला रहा वहीं दूसरी तरफ शासकीय सेवा थाना प्रभारी के रूप में बाखूबी पूर्ण हुई। विदाई समारोह में कुछ पलों को इनके सेवा के दौरान के यादगार को भी उदबोधनों में जाना गया। कोरोना काल हमेषा यादगार रहेगा। दूसरी तरफ आप खेल जगत में भी जगतपाल सिंह जी जाने गये। बॉलीबॉल, बास्किटबॉल के सफल खिलाड़ी के रूप में सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी ने तो अपने उदबोधन में थाना प्रभारी जगतपाल सिंह के कार्यकाल में पहली बार थाना मिलने जब गया वहीं पुलिस और आम जनता का तालमेल उनके व्यवहार कुषलता से जाना गया। राजूराजा सिमरिया ने अपने उदबोधन में व्यक्त किया कि पुलिस हमारी सुख-दुख में सदैव अपने परिवार को छोड़कर अपना दायित्व हम लोगों की सुरक्षा में निभाती है। वहीं पुलिस प्रषासन को धन्यवाद भी दिया। जगतपाल सिंह जी की सेवा थाना प्रभारी सिमरिया के कार्यकाल में बाढ़ के समय जब गांव में पानी से गांवों वालों का सामान बचाने की जरूरत थी तब आप की भूमिका सबसे पहले दायित्वों को लेकर इस मंच में भी याद आई। सौहार्दपूर्ण वातावरण समूचे थाना क्षेत्र में जो कायम रहा वह आपकी साफ-स्वच्छ छवि को लेकर जाना गया। निष्चित ही पुलिस विभाग में जहां ऐसे थाना प्रभारी के रूप में जगतपाल सिंह जिनका नाम जैसा वैसा ही जगत के लिए जो समय दिया तभी तो जगत के पालनहार को पाया। विदाई के समय वहीं माता-पिता की सेवा को लेकर उनके संस्कारों से ही सामने आया। आभार प्रदर्षन करते हुए तहसीलदार सिमरिया सुमित तिवारी जी ने उनके अंतःकरण मन की बात को व्यक्त किया। यह समय शासकीय सेवा का पूर्ण हुआ अब जो समय जीवन का है वह माता-पिता की सेवा में आरंभ करने को लेकर कभी लक्ष्य साझाा किया होगा। थाना प्रभारी जगतपाल जी ने निष्चित ही जहां उनकी सोच यहां भी एक बार सभी के लिए षिक्षा प्रदान करने को लेकर मानी जा रही है। जो सभी के लिए प्रेरणा दे गई। पहली बार थाना प्रभारी की विदाई आम जनता ने तहे दिल से खुले मंच से प्रषंसा के साथ जगत के पालनहार को सौंपते हुए जगतपाल सिंह थाना प्रभारी की विदाई सम्पन्न हुई इस विदाई सामारोह में घुड़बग्घी में सवार कराकर अंगरक्षक की भूमिका सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी वहीं दूल्हा बने थाना प्रभारी ऐसा नजर आ रहा था। यह शासकीय सेवा पूर्ण होने पर थाना प्रभारी सिमरिया की विदाई नगर निरीक्षक ने घुड़बग्घी में सवार होकर नगर को बाखूबी सड़कों में घूमते हुए अंतिम रात्रि को लेकर शासकीय सेवा का दायित्व किया पूर्ण। आम जनता बनी साक्षी ऐसे थाना प्रभारी भी होते है जिन्हें जनता दिलों में बसाकर फूलों का हार पहनाकर घुड़बग्घी में सवार कराकर नगर भ्रमण करते हुए अंतिम पलों में उनके साथ भोजन करके उन्हें दी गई भावभीनी विदाई। यह विदाई पुलिस विभाग के लिए भी अनुकर्णीय साबित होगी आम जनता जिनकी कार्यप्रणाली को सराहती है उन्हें दिल से इस तरह सम्मान प्रदान करती है। यह विभागीय विदाई नहीं शासकीय सेवा की बल्कि जगत के लोगों ने जगत के पालनहार को साक्षी मानकर स्वयं थाना प्रभारी को भेंट करते हुए उनकी विदाई को सदैव के लिए यादगार बनाया।

# जुआ के विरुद्ध पन्ना पुलिस की लगातार प्रभावी कार्यवाही




### देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में बड़ागांव में कई सालों से संचालित जुए के फड़ पर दबिश, 5 आरोपी गिरफ्तार

**थाना प्रभारी देवेंद्र नगर संतोष सिंह यादव की इस कार्यवाही से अपराधियों में मचा हड़कंप**

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू द्वारा जिले में जुआ एवं सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारियों को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में दिनांक 27-28 फरवरी 2026 की दरम्यानी रात्रि में थाना देवेंद्रनगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए बड़ागांव जुए के फड़ पर दबिश देकर 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में थाना प्रभारी देवेंद्रनगर उपनिरीक्षक संतोष सिंह यादव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागाँव स्थित झिर के पास जंगल में वाहनों एवं मोबाइल टॉर्च के उजाले में ताश के पत्तों से रुपयों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ (मन्ना) खेल रहे हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पन्ना श्री एस पी सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना देवेंद्रनगर की पुलिस बल की टीम गठित की गई। थाना प्रभारी देवेंद्रनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान ग्राम बड़ागांव झिर के पास जंगल में दबिश दी गई, जहाँ कुछ व्यक्ति रात्रि के अंधेरे में प्रकाश की व्यवस्था कर ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मौके से 05 आरोपियों पर वैधानिक कार्यवाही की गई। कुछ जुआरी रात्रि एवं अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए, आरोपियों के विरुद्ध थाना देवेंद्रनगर में संबंधित धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

#### जप्त सामग्री-

1. 61500/- नगद
2. 04 मोटर साइकिल (कीमती लगभग 240000/-)
3. 05 नग मोबाइल फोन (कीमती लगभग 40000/-)

कुल जप्त मशरूकारू 342500/-

#### गिरफ्तार आरोपीगण-

1. वीरू कुशवाहा पिता छोटेलाल कुशवाहा उम्र 43 साल निवासी बड़वारा थाना देवेंद्रनगर जिला पन्ना
2. महेश सोनकर पिता छोटेलाल सोनकर उम्र 41 साल निवासी देवेंद्र नगर जिला पन्ना
3. दिग्विजय सिंह पिता श्री बिहारी लाल सिंह उम्र 30 साल निवासी देवेंद्र नगर
4. रामू कुशवाहा पिता गज्जू कुशवाहा उम्र 27 साल निवासी बड़ागांव थाना देवेंद्र नगर जिला पन्ना
5. राजेंद्र राजा परमार पिता बड़े राजा परमार उम्र 28 साल निवासी ग्राम बड़गांव थाना देवेंद्र नगर जिला पन्ना

#### सराहनीय योगदान-

उपनिरीक्षक संतोष सिंह यादव, प्र आर शंकर सिंह बुंदेला, लक्ष्मी नारायण यादव सत्येंद्र बागरी अशोक बागरी , वीर नारायण सिंह, धीरेन्द्र सिंह, बृजेंद्र, रोहित पुष्पेंद्र जाट का सराहनीय यो



# जन आक्रोश आंदोलन में जातिगत नफरत फैलाने वालों पर कार्रवाई, मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** अजयपाल स्टेडियम में जन आक्रोश आंदोलन में देश के राष्ट्रपति के नाम एक संबोधित ज्ञापन स्थानीय तहसीलदार सुरेंद्र अहिरवार को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति जी से निवेदन किया गया कि यूजीसी कानून छात्रों के लिए विभाजन कार्य कानून है काला कानून है छात्रों के बीच में राजनीति नहीं होनी चाहिए छात्रों के बीच में भेदभाव नहीं होना चाहिए जो भी व्यक्ति चाहे प्रोफेसर हो या छात्रों किसी भी छात्र के साथ भेदभाव करें उसे पर कार्रवाई की जानी चाहिए विश्वविद्यालय और कॉलेज में पढ़ाई का स्तर सुधारा जाना चाहिए सभी छात्रों के साथ एक जैसा व्यवहार होना चाहिए क्योंकि छात्र-छात्राएं हमारे देश का भविष्य है उनके दिल दिमाग में जातिवादी विचार नहीं डालना चाहिए ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि अभी तक एक जाति विशेष की बेटियों के बारे में अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने वाला आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा पर कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके ऊपर कारवाई आवश्यक है मध्य प्रदेश का शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने वाले व्यक्तियों और संगठनों पर भी कार्रवाई की जाए जातिगत नारेबाजी करने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाए धर्म ग्रंथो को जलाने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई की जाए अभी हाल ही में सीधी जिले में एक पुजारी जी की जातिगत दुर्भावना के कारण निर्मम हत्या कर दी जाती है हत्यारे को फांसी की सजा दी जाए और पुजारी के परिजनों की आर्थिक मदद की जाए सोशल मीडिया का दुरुपयोग रोका जाए सोशल मीडिया में सनातन हिंदू धर्म की देवी देवताओं के बारे में साधु संतों के बारे में अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है भगवान राम को काल्पनिक बताया जाता है भगवान श्री कृष्ण को काल्पनिक बताया जाता है इस तरह की पोस्ट डालने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए कुछ व्यक्ति साधु संतों पर अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हैं जातिगत विरोधी अपमानजनक नारेबाजी का प्रयोग करते हैं उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत कार्रवाई की जाए आर डी प्रजापति और दामोदर यादव जैसे व्यक्ति जो निरंतर प्रदेश में जातिगत विरोध पैदा कर रहे हैं समाज में जातिगत दंगा करने का प्रयास करते हैं उनकी सभाओं को प्रतिबंधित किया जाए और सोशल मीडिया में उनके द्वारा जो पोस्ट डाली जाती है उसकी जांच करके उनके ऊपर कारवाई की जाए इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिषद के अध्यक्ष श्रीराम पाठक ने तहसीलदार सुरेंद्र अग्रवाल के समक्ष प्रमुख मुद्दे पढ़कर सुनाएं और ज्ञापन दिया इस अवसर पर रामेश्वर प्रसाद खरे बाबू प्रसाद तिवारी दादूराम मिश्रा भगवान दिन मलखान सिंह नवीन श्रीवास्तव वीरेंद्र सिंह भोला प्रसाद गौतम गणेश प्रसाद अवस्थी सारंगधर द्विवेदी कौशल किशोर पाठक राम शिरोमणि शुक्ला कमलेश द्विवेदी उमेश मिश्रा शंकर सिंह बुंदेला रमेश शुक्ला सीता शरण दीक्षित अनिल मिश्रा जितेंद्र सिंह योगेंद्र सिंह परमारराजा पाठक शीतल शुक्ला अनुराग तिवारी राजू शुक्ला अमित अमित मिश्रा चंद्रभान पांडे लल्लन पांडे मोनू दुबे लखन मिश्रा रवि पांडे चंद्रप्रकाश अग्निहोत्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 43 रनों से पवई की धमाकेदार जीत, चंद्रपुरिया स्मृति कप पर जमाया कब्जा




**अमानगंज।** खेल प्रेमियों के उत्साह और तालियों की गूंज के बीच पं. श्री चंद्रिका प्रसाद चंद्रपुरिया स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांचक अंदाज में संपन्न हुआ। पबई और सरपंच 11 के बीच खेले गए खिताबी मुकाबले में पबई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए पबई की टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में 163 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरपंच 11 की टीम पबई की सधी हुई गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग के सामने संघर्ष करती नजर आई और 120 रन पर ऑलआउट हो गई। विजेता टीम पबई को 51,000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई, जो टीम के कप्तान जीतेंद्र राजा को मंच से सौंपी गई। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले लवकुश को "मैन ऑफ द मैच" घोषित किया गया, जबकि पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाने पर पृथ्वी को "मैन ऑफ द सीरीज" का खिताब मिला। समापन समारोह में जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, बृजेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पराज सिंह, जनपद अध्यक्ष मोहनी मिश्रा, अमानगंज मंडल अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी, सिमरिया मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह, मोहंद्रा मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, महिला जिला मंत्री नीता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष पूनम यादव एवं जिला मंत्री विजया राजे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक अभिनव चंद्रपुरिया ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। फाइनल मुकाबले में दर्शकों की भारी भीड़ ने आयोजन को यादगार बना दिया।

# लघु वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से तेन्दूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित



### एक दिवसीय कार्यशाला में दी जानकारी

**पन्ना।** पन्ना जिले में लघु वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से आगामी 10 मई से तेन्दूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके पूर्व 15 से 25 मार्च तक साखकर्तन कार्य संपन्न कराया जाएगा। उत्तर वनमंडल अंतर्गत 5 परिक्षेत्र की 21 समितियों के माध्यम से 27 हजार 570 मानक बोरा तथा दक्षिण वनमंडल की 6 परिक्षेत्र की 14 समितियों द्वारा 17 हजार 430 मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित है। परिक्षेत्राधिकारियों को तेन्दूपत्ता गुणवत्ता नियंत्रण तथा उप वनमंडलाधिकारी को जोनल अधिकारी का दायित्वा सौंपा गया है। इस संबंध में मध्यप्रदेश राज्य लघुवनोपज सहकारी संघ भोपाल की प्रबंध संचालक डॉ. समिता राजौरा द्वारा साखकर्तन एवं संग्रहण पूर्व तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उत्तर एवं दक्षिण वनमंडल पन्ना के संयुक्त तत्वाधान में गत शुक्रवार को ईको सेंटर स्मृति वन पन्ना में सभी उपस्थित वन अधिकारी एवं कर्मचारियों और तेन्दूपत्ता क्रेता प्रतिनिधियों को फील्ड डेमोस्टेशन के जरिए प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में आवश्यक सुझाव और विचार भी रखे गए। इस मौके पर प्रबंध संचालक उत्तर एवं दक्षिण पन्ना ने विस्तृत कार्य आयोजना संबंधी जानकारी दी। उप वनक्षेत्रपाल, वन क्षेत्रपाल, वन परिक्षेत्राधिकारी तथा उप वनमंडलाधिकारी को अपने क्षेत्रों में साखकर्तन के निरीक्षण के संबंध में इसका फड़वार लक्ष्य निर्धारण कर उच्च गुणवत्ता का पत्ता संग्रहण के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला के दौरान प्रबंध संचालक दक्षिण पन्ना अनुपम शर्मा एवं उत्तर पन्ना धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा तेन्दूपत्ता की गुणवत्ता सुधार के लिए साखकर्तन और संग्रहण विषय पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर रवीन्द्र सिंह, कौशलेन्द्र पाण्डेय, उप वनमंडलाधिकारी एवं भारतीय वन सेवा प्रशिक्षु अंशुल तिवारी एवं अक्षत जैन, अंकुर गुप्ता, नितिन निगम सहित वन परिक्षेत्राधिकारी, नोडल अधिकारी, लघुवनोपज सहकारी समितियों के समिति प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई कलेक्टर ने किया सम्मान



**पन्ना।** जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक कुमार चतुर्वेदी, जिला पेंशन अधिकारी ओ.पी. गुप्ता एवं कलेक्ट्रेट की सामान्य शाखा में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 बसंत कुमार राय की सेवानिवृत्ति पर गत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गरिमामय सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर ऊषा परमार एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने 62 वर्ष की अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का फूलमाला पहनाकर एवं शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इसके साथ ही उपहार भेंट कर स्वस्थ्य, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना भी की गई। जिला कलेक्टर ने इनकी दीर्घकालीन और निष्ठापूर्ण सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा के दौरान ईमानदारी, कर्त्तव्य निष्ठा और समर्पण का भाव जरूरी है। इनकी सेवाएं सदैव स्मरणीय रहेंगी। इस मौके पर सेवानिवृत्त लोकसेवकों द्वारा सेवाकाल के अपने अनुभव भी साझा किए गए। विदाई कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों सहित परिवारजन भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में डीआईजी ने ली गई वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक

छतरपुर। पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज श्री विजय कुमार खत्री द्वारा छतरपुर जिले के समस्त थानों के अपराधों की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन उपस्थित रहे। लंबित गंभीर, महिला संबंधी, एससी एसटी संबंधी अपराधों, शिकायतों के त्वरित निकाल , फरार अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए। त्रिवर्षीय तुलनात्मक आपराधिक आंकड़ों की समीक्षा की गई। नाबालिक बालक बालिका एवं गुम इंसान दस्तयाबी, फरार इनामी बदमाश एवं स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, अवैध हथियार, अवैध शराब, जुंआ सहित लघु अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही इत्यादि की जानकारी ली गई। साइबर संबंधी वित्तीय अपराधों, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सीसीटीएनएस के कार्यों, जमानत निरस्तीकरण, चिकित्सीय एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट, ई-एफआईआर इत्यादि संबंधी कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक में समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, रक्षित निरीक्षक, समस्त थाना प्रभारी एवं संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### लवकुशनगर में शुरू हुआ एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बालिकाओं को मुफ्त टीका

**लवकुशनगर।** स्वास्थ्य विभाग ने यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर



एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से एक महत्वपूर्ण टीकाकरण अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान शनिवार दोपहर 12 बजे शुरू हुआ, जिसका राष्ट्रव्यापी शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से अजमेर से किया और इससे पूरे देश की बालिकाओं को प्रेरित किया गया। ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. लखन सिंह ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा यानी सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव में बहुत प्रभावी साबित हुई है। यह वैक्सीन खास तौर पर 14 से 15 वर्ष की आयु वाली बालिकाओं को लगाई जा रही है, ताकि भविष्य में कैंसर का खतरा काफी हद तक कम हो सके। कार्यक्रम के पहले चरण में 35 छात्राओं को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। आगे इस अभियान को गांव-गांव और शहर के अन्य इलाकों तक विस्तार दिया जाएगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष खलक सिंह राजपूत, समाजसेवी और बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। टीकाकरण में 14-15 वर्ष की कई बालिकाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को समय पर यह वैक्सीन अवश्य लगवाएं, क्योंकि यह मुफ्त उपलब्ध है और सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे कारगर तरीका है। समय पर टीकाकरण से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुरक्षित होता है, बल्कि समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य को मजबूत बनाने में भी बड़ा योगदान मिलता है।

# गोली मार कर हत्या का प्रयास करने के आरोपी को 7 वर्ष कठोर कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा

छतरपुर। कट्टे से गोली मारकर हत्या का प्रयास करने के मामले में द्वितीय अपर जिला न्यायालय छतरपुर ने आरोपी जाकिर खॉन को 07 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 7 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

*अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशांत सिंह चौहान ने 28 दिसंबर 2013 को जिला अस्पताल छतरपुर में इस आशय की देहाती नालसी लेख करायी कि वह चौबे कॉलोनी में रहता है। रात करीब पौने नौ बजे वह एवं अनुल सिंह मोटरसाईकिल से शीबा फोटो स्टूडियो महल रोड आये थे। अनुल सिंह ने दोपहर में फोटो उतरवायी थी जो ठीक नहीं आयी थी। अनुल सिंह स्टूडियो वाले से बात करने लगा। वह स्टूडियो के बाहर खड़ा था। करीब 10-15 मिनिट अनुल सिंह स्टूडियो पर रूका था तभी दो मोटरसाईकिल पर सदू जावेद, जाकिर, अंकित मिश्रा एवं मनोज उर्फ सनकी तथा एक अन्य लड़का आये सदू एवं जावेद स्टूडियो पर पहुंचे और अनुल सिंह को बाहर बुलाया। अनुल सिंह स्टूडियो की बाहर की पट्टी पर आया तभी जाकिर एवं अंकित चिल्लाये मारो गोली तो सदू एवं जावेद ने कट्टे निकालकर अनुलसिंह पर एक-एक फायर कर दिया। अनुल को पेट में गोली लगी जिससे अनुल वही पर गिर पड़ा और वह लोग मोटरसाईकिल से भाग गये। उसने एवं शीबा स्टूडियो वाले ने इंडिका कार से अनुल सिंह को जिला अस्पताल लाये। साक्षी ने कथन किया कि अनुल सिंह और सदू अंकित वगैरह की पुरानी रंजिश चल रही है जिस कारण से इन लोगों ने अनुल सिंह की हत्या करने के लिए गोली मारी है।उक्त देहाती नालसी के आधार पर थाना कोतवाली में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गयी। समस्त आवश्यक विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया।*

*अभियोजन द्वारा सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये। विचारण उपरांत द्वितीय अपर जिला न्यायालय जिला छतरपुर ने आरोपी जाकिर खान को भादवि की धारा 307 सहपठित धारा 149 में 07 वर्ष के सश्रम कारावास व 5 हजार रूपये अर्थदण्ड तथा भादवि की धारा 148 में दो वर्ष का सश्रम कारावास तथा 2 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।*

# छतरपुर में शुरू हुआ सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान

छतरपुर।

**सर्वाइकल कैंसर से महिलाओं को बचाने के उद्देश्य से भारत सरकार के राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत छतरपुर जिले में जोर-शोर से हुई। जिला अस्पताल छतरपुर में आज इस अभियान का शुभारंभ किया गया, साथ ही अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर भी टीकाकरण शुरू हो गया है।**



इस अवसर पर विधायक ललिता यादव और कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से किए गए राष्ट्रव्यापी अभियान के सीधे प्रसारण को भी यहां देखा गया, जिससे स्थानीय स्तर पर उत्साह का माहौल बना। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अर्जरिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। यह अभियान मुख्य रूप से 14 वर्ष की किशोरियों को लक्षित करता है, ताकि एचपीवी संक्रमण से होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से प्रभावी बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

# जिला अस्पताल में नई लैब का नया भवन शुरू, अब बड़ी-बड़ी जांचें भी निशुल्क होंगी

**छतरपुर।** जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अस्पताल की लैब अब नए भवन में शिफ्ट हो गई है, जहां अब बड़ी से बड़ी जांचें भी उपलब्ध होंगी और ये सभी जांचें मरीजों के लिए पूरी तरह निशुल्क की गई हैं।



इस नए भवन का शुभारंभ छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव और कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में दोनों अधिकारियों ने इस सुविधा को जनता के लिए बड़ी राहत बताया और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की।

नए भवन में शिफ्ट होने के बाद लैब की क्षमता और सुविधाओं में काफी वृद्धि हुई है। अब यहां पहले से अधिक उन्नत जांचें संभव हो सकेंगी, जिससे मरीजों को बाहर रेफर करने की जरूरत कम होगी और समय पर इलाज मिल सकेगा।

लैब के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए डॉक्टर श्वेता गर्ग ने बताया कि नई लैब में आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। यहां ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, विभिन्न प्रकार की बायोकेमिस्ट्री जांचें, पैथोलॉजी संबंधी सभी प्रमुख जांचें और अन्य कई महत्वपूर्ण टेस्ट निशुल्क उपलब्ध होंगे। डॉ. गार्गी ने कहा कि इसकी वजह से गरीब और आम मरीजों को काफी फायदा होगा, क्योंकि महंगी जांचों के लिए अब उन्हें निजी लैब्स के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

# 4 मार्च को बागेश्वर धाम में होगा होली

छतरपुर।

रंगों के पर्व होली के अवसर पर सिद्धपीठ बागेश्वर धाम में आगामी 4 मार्च को विशाल महोत्सव आयोजित होगा। चूंकि 3 मार्च को चन्द्रग्रहण है इसलिए इस महोत्सव को 4 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने विगत रोज कन्या विवाह महोत्सव के सफल आयोजन में मीडिया द्वारा सहयोग किए जाने पर मीडिया साथियों का अभिनंदन करते हुए होली महोत्सव के बारे में जानकारी दी।



बागेश्वर धाम में इस बार हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भव्य तैयारियां की जा रही हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि 2 अप्रैल को भगवान श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर करीब 21 हजार श्रद्धालु एक साथ महाआरती करेंगे और सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। यह कार्यक्रम लगभग 4 से 5 घंटे तक चलेगा और इसमें लाखों भक्तों के शामिल होने की संभावना है।

बागेश्वर महाराज ने कहा कि जिस तरह महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर यहां गरीब एवं निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह बड़े उत्साह से संपन्न होते हैं और देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं, उसी तरह अब हनुमान जन्मोत्सव को भी धाम में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस विशेष आयोजन में देश-विदेश से कई विशिष्ट अतिथि और प्रमुख संत शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि बागेश्वर धाम में इस स्तर पर हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन पहली बार हो रहा है और भविष्य में इसे हर वर्ष निरंतर आयोजित करने की योजना है। यह कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सामूहिक आस्था का एक ऐतिहासिक पर्व साबित होगा, जो लाखों भक्तों की आस्था को और मजबूत करेगा।

### हनुमान जी के बिना रामजी का कार्य और छतरपुर के बिना हमारा कार्य पूर्ण नहीं होगा

बागेश्वर महाराज ने पत्रकारों का अभिनंदन करते हुए कहा कि जिस तरह से हनुमान जी के बिना रामजी का कार्य पूर्ण नहीं हो सकता उसी तरह छतरपुर के सहयोग के बिना हमारा कार्य पूर्ण नहीं होगा।

# पुलिस ने किया अवैध गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार



छतरपुर। अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। थाना नौगांव को विगत दिवस रोड पेट्रोलिंग के दौरान झांसी खजुराहो फोरलेन हाईवे में गांजा तस्कर संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा ग्राम सिंगरावनखुर्द हाईवे ब्रिज के पास जाकर संदेही जो पुलिस को देखकर भाग रहा था को घेराबंदी कर रोक कर पूछताछ की गई एवं विधिवत की तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा प्राप्त हुआ। अवैध मादक पदार्थ सवा किलोग्राम गांजा कीमत कुल 25000 बरामद कर तस्कर मोजिस यादव पिता विन्दावन यादव निवासी वार्ड नम्बर 20. गर्रोली रोड़ नौगांव, छतरपुर के विरुद्ध थाना नौगांव में एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। स्रोत संबंधी जानकारी एकत्र की जा रही है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है।

# जिला अस्पताल में किशोरी की मौत, परिजनों ने लगाए डॉक्टरों पर लापरवाही के गंभीर आरोप

इकलौती बहन खोकर परिवार में मचा कोहराम, अस्पताल में किया हंगामा

**छतरपुर।** जिला अस्पताल में शनिवार को इलाज के दौरान एक नाबालिग किशोरी की मौत हो गई, जिससे पूरे अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया। मृतक किशोरी का नाम ज्योति वंशकार बताया जा रहा है, जो लाखेरी थाना क्षेत्र के राजनगर निवासी थीं। वह अपने तीन भाइयों की इकलौती बहन थीं, इसलिए परिवार में इस घटना से गहरा मातम छा गया है और सदमा व्याप्त है।



परिजनों का आरोप है कि चार दिन पहले ज्योति को बुखार और हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें चतुर्थ तल पर स्थित टीबी वार्ड में रखा गया, जहां तीन दिन से इलाज चल रहा था। परिवार के सदस्यों के अनुसार, ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर द्वारा दिए गए इंजेक्शन और चार गोलियों के बाद किशोरी की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

मृतक के भाई रूपेश वंशकार ने बताया कि हालत गंभीर होने पर उन्होंने कई बार स्टाफ और नर्सिंग कर्मचारियों को बुलाया, लेकिन कोई भी समय पर नहीं पहुंचा। आरोप है कि समय पर उचित इलाज न मिलने के कारण किशोरी ने दम तोड़ दिया। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जोरदार हंगामा किया और डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# खजुराहो में महाशिवरात्रि मेला का सांस्कृतिक कार्यक्रम मे रंगारंग कार्यक्रम की धूम

**खजुराहो।** महाशिवरात्रि मेले के पावन अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम पाहिल वाटिका प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और देर रात तक आयोजन का आनंद लेते रहे।



कार्यक्रम में नगर परिषद सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी, नगर परिषद उपाध्यक्ष बिट्टी बाईं पाल, जनप्रतिनिधि आसाराम पाल एवं पार्षदगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर शिव बारात में अहम भूमिका निभाने वाले महानुभावों को मंच से सम्मानित किया गया। व्यापारी, होटल संचालक, टूर ट्रेवल्स संचालक तथा पुरातत्व विभाग से जुड़े सुरक्षाकर्मियों सहित एस.आई.एस. कमांडर को फूलमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया।

महाशिवरात्रि मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम का पहला दिवस का आयोजन सफल रहा और उत्साहपूर्ण रहा, महाशिवरात्रि के दौरान आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम की शॉर्ट फिल्म भी एलईडी स्क्रीन पर प्रस्तुत की गई जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण की अनुभूति हुई। आयोजकों ने आने वाले दिनों में भी इसी प्रकार भव्य कार्यक्रमों के आयोजन की जानकारी दी है।

# नाबालिग किशोरी ने दहेज के दबाव में खाया जहर

## जिला अस्पताल में मौत; आक्रोशित परिजन शव लेकर पहुंचे एसपी कार्यालय

**छतरपुर।** जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजपुरा में एक नाबालिग किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है। परिजनों ने किशोरी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों के उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक किशोरी के पिता ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी बेटी का गांव सटई निवासी युवक चंदू से प्रेम संबंध चल रहा था। करीब एक माह पहले इस संबंध की जानकारी मिलने पर परिजनों ने युवक को घर बुलाया और शादी की बात की। पिता के अनुसार, इस दौरान युवक ने दहेज की मांग की, जिससे बेटी मानसिक रूप से काफी आहत हो गई। इसी मानसिक दबाव के कारण शनिवार सुबह उसने जहरीला पदार्थ खा लिया।

घटना से बेहद आक्रोशित परिजन दोपहर करीब 2 बजे शव लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और



मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका आरोप है कि दहेज की मांग और लगातार मानसिक प्रताडऩा के चलते किशोरी ने यह कदम उठाया। पुलिस ने पूरे मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# थाना बड़ामलहरा पुलिस ने गुंडा लिस्टेड बदमाश को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**छतरपुर जिले में 510 से अधिक आरोपी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार**

**छतरपुर।** पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अवैध हथियार जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। हथियारों के स्रोत संबंधी जानकारी एकत्र कर संलिप्त अपराधियों की धर पकड़ की जा रही है। विगत दिनों में छतरपुर जिले में 510 से अधिक आरोपी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें अवैध हथियार निर्माण फैक्टरियों में छापामार कार्यवाही भी है।

थाना बड़ामलहरा पुलिस को विगत रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान सागर, कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में अवैध हथियार सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान ढाबे के पास पहुंची। आरोपी लाखन सिंह परमार उर्फ छुट्टे राजा पिता मलखान सिंह परमार निवासी वार्ड क्र.1 बड़ामलहरा को 315 बोर देशी कट्टा एवं कारतूस सहित गिरफ्तार किया।

अभियुक्त के विरुद्ध थाना बड़ामलहरा में आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। गुंडा लिस्टेड अभियुक्त अवैध शराब, मारपीट जैसे 9 अपराध में पूर्व से लिप्त है,



अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बड़ामलहरा निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक के के ठाकुर, प्रधान आरक्षक पंकज तिवारी, संदीप, आरक्षक सोनू, सतीश एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# एनसीएल से फ़रवरी माह में सेवानिवृत्त हुए 59 कर्मी



सिंगरौली। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की विभिन्न परियोजनाओं एवं इकाइयों से फरवरी माह के अंत में 59 कर्मी सेवानिवृत्त हुए, जिनमें 11 अधिकारी और 48 कर्मचारी शामिल हैं। इस उपलक्ष्य में मुख्यालय सहित विभिन्न परियोजनाओं में आयोजित अभिनंदन समारोह में कंपनी के उज्जवल भविष्य में उनके योगदान को याद किया गया। एनसीएल मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों में महाप्रबंधक (उत्खनन) प्रतीक सिन्हा, महाप्रबंधक (उत्खनन/सतर्कता) उमाकांत यादव और केंद्रीय चिकित्सालय सिंगरौली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी निर्मल कुमार भौमिक जैसे अनुभवी अधिकारी शामिल रहे। इनके साथ ही सीएमसी विभाग के कार्यालय अधीक्षक रविंद्र सिंह एवं निदेशक (वित्त) सचिवालय के सहायक परिवहन पर्यवेक्षक भुवाल राम को भी उनकी समर्पित सेवाओं के लिए भावभीनी विदाई दी गई।अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक (मानव संसाधन), एनसीएल मनीष कुमार ने सेवानिवृत्ति हो रहे कर्मियों को जीवन के इस नए पड़ाव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब उनके जीवन का एक नया दौर शुरू हो रहा है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों को परिवार के साथ संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने, अधूरे सपनों को पूरा करने और एनसीएल परिवार से हमेशा जुड़े रहने का परामर्श दिया।इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी) आशुतोष द्विवेदी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कंपनी की प्रगति में उनके परिश्रम की सराहना की। कार्यक्रम की बेला में सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे महाप्रबंधक(उत्खनन) प्रतीक सिन्हा ने एनसीएल को एक 'वट वृक्ष' के रूप में परिभाषित करते हुए कंपनी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की, वहींउमाकांत यादव ने एनसीएल को एक परिवार बताते हुए कहा कि कंपनी ने हमेशा कर्मियों की व्यक्तिगत जरूरतों का ध्यान रखा है। उन्होंने नई पीढ़ी से कंपनी को और आगे ले जाने का आह्वान किया। समारोह के दौरान अन्य साथियों ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों की प्रशासनिक दक्षता, सूक्ष्म प्रबंधन और उनके सौम्य व्यक्तित्व के संस्मरण साझा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# एनटीपीसी विंध्याचल में 'संवाद सेतु' की प्रभावी प्रेरक संवाद का आयोजन

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल में 27 फरवरी 2026 को प्रशासनिक भवन में 'संवाद सेतु' प्रतिभागियों का एक प्रेरक संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री संजीव कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ने की। इस अवसर पर श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक(प्रचालन एंड एफएम), डॉ. बी.के. बराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा), श्रीमती रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) तथा श्रीमती मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत पौधों भेंट कर किया गया, जो विकास और संबंधों के पोषण का प्रतीक है।कार्यक्रम की पृष्ठभूमि प्रस्तुत करते हुए श्रीमती रूमा दे शर्मा ने 'संवाद सेतु' की रणनीतिक महत्ता पर प्रकाश डाला और बताया कि विंध्याचल को पैन-एनटीपीसी स्तर पर लागू होने से पूर्व इस संरचित मेंटरिंग पहल के पायलट स्टेशन के रूप में चुना गया है। मेंटर–मेंटी जोड़ों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस पहल से न केवल पेशेवर दक्षताओं में वृद्धि हुई है, बल्कि व्यक्तिगत विकास और आत्मविश्वास भी सुदृढ़ हुआ है।

अपने संबोधन में श्री ए.जे. राजकुमार ने कहा कि इस प्रकार के संरचित मंचों में सुधार से सभी स्टेशनों को लाभ मिलेगा। श्री संजीव कुमार साहा ने जोर देते हुए कहा कि यह पहल भविष्य में एक सशक्त और स्थायी मेंटरिंग ढांचे के रूप में विकसित होगी, जो एनटीपीसी की एचआर दर्शन 'पीपल बिफ़ोर पीएलएफ' में समाहित रहेगी। उन्होंने नेतृत्व स्तर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा मेंटरिंग पोर्टल पर निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर बल दिया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) ने किया। अंत में, 'संवाद सेतु' पोर्टल पर सर्वाधिक कनेक्ट पूर्ण करने वाले मेंटर–मेंटी जोड़ी के रूप में श्री रणदीप यादव, उप महाप्रबंधक(सीएचपी) एवं श्री चरण सिंह, सहायक प्रबंधक (सीएचपी) को सम्मानित किया गया। यह सम्मान अन्य प्रतिभागियों के लिए प्रेरणास्रोत बना।

यह आयोजन संवाद, सहयोग और सशक्त नेतृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

**स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों से अभियान को जन आंदोलन बनाने की अपील की**

# प्रधानमंत्री ने अजमेर से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ

## 3 माह के अभियान में मध्यप्रदेश में 8 लाख बालिकाओं को किया जाएगा निःशुल्क वैक्सीनेशन

रीवा ।



**देश में महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक बड़ा और दूरदर्शी कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से राष्ट्रीय एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। 3 माह तक चलने वाले अभियान में देश में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 1 करोड़ किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण किया जाएगा। मध्यप्रदेश में 8 लाख किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण किया जाएगा।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर को सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य के क्षेत्र में दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि कि बाजार में एचपीवी वैक्सीन की कीमत लगभग 4 हजार रुपये प्रति डोज है, लेकिन सरकार यह टीका 14-15 वर्ष की सभी पात्र बालिकाओं को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों से अपील की कि इस अभियान को जनआंदोलन बनाकर सफल बनाएं।मध्यप्रदेश में डॉ कैलाशनाथ काटजू हॉस्पिटल भोपाल से अभियान का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आज का दिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक है। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है, जिसकी प्रिवेलेंस दर लगभग 1 लाख में 156 है। एचपीवी वैक्सीनेशन भविष्य में सर्वाइकल कैंसर को नियंत्रित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बीमारी होने के बाद इलाज करने से बेहतर है कि हम उसे होने ही न दें। यह अभियान प्रिवेंशन केयर की दिशा में एक बड़ा कदम है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर मुक्त मध्यप्रदेश और स्वस्थ, आत्मनिर्भर नई पीढ़ी का निर्माण सरकार का संकल्प है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में निरोगी काया अभियान, सिकल सेल उन्मूलन मिशन, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, स्वस्थ यकृत मिशन सहित स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के समर्पण, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों की सक्रिय सहभागिता और नागरिकों की जागरूकता से हम निःसंदेह अभियान के लक्ष्य को समय से पूर्व प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की सतत देखभाल और मानकों में सुधार के लिए स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और नियमित स्वास्थ्य जांच अहम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हब एंड स्पोक मॉडल पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 85 प्रकार की जांचें उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण हेतु टेलीमेडिसिन को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श उपलब्ध होगा और अनावश्यक रेफरल में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है ताकि प्रदेशवासियों को हर क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मिशन मधुहारी का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए आदर्श जीवनशैली, संतुलित आहार और समय पर पहचान अत्यंत आवश्यक है। यह पहल टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों एवं किशोरों के समग्र उपचार एवं देखभाल के लिए प्रारंभ की गई है। टाइप-1 मधुमेह ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में इंसुलिन का निर्माण नहीं होता और आजीवन उपचार की आवश्यकता होती है। मिशन के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में साप्ताहिक विशेष टाइप-1 डायबिटीज क्लिनिक प्रारंभ किए जा रहे हैं, जहां इंसुलिन की सतत उपलब्धता, ब्लड ग्लूकोज जांच, विशेषज्ञ परामर्श एवं नियमित फॉलो-अप की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। इस अवसर पर 5 बेटियों को टी1डी (टाइप-1 डायबिटीज) जांच किट का वितरण भी किया गया। इन किटों में ग्लूकोमीटर, टेस्ट स्ट्रिप्स तथा आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं ताकि बच्चे समय पर शुगर की जांच कर सकें और बीमारी को नियंत्रित रख सकें। दो संभागों के 16 जिलों में 759 किशोर-किशोरियों को किट निःशुल्क प्रदान की जा रही है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास के साथ स्वास्थ्य अमले के हितों को संरक्षित करने और मैनपावर सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चिकित्सकों एवं प्रोफेसरों के एनपीए (नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस) स्वीकृति और सुपरस्पेशियलिटी अस्पतालों में आयुष्मान इंसेंटिव की के शीघ्र भुगतान की व्यवस्था का उल्लेख किया। विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अशोक बर्नवाल, आयुक्त धनराजू एस, एमडी एनएचएम डॉ सलोनी सिडाना, संचालक आईईसी डॉ रचना दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में टीकाकरण के लिए पात्र किशोरी बालिकाएँ उपस्थित थीं। प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण सत्र प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। टीकाकरण स्वैच्छिक है तथा अभिभावकों की सहमति अनिवार्य होगी। पात्रता के अंतर्गत वे बालिकाएं शामिल हैं जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है लेकिन 15वां नहीं मनाया है, साथ ही अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष पूर्ण करने वाली बालिकाएं भी पात्र होंगी। समस्त जिलों के लगभग 471 स्वास्थ्य केन्द्रों (चिकित्सा महाविद्यालय, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इत्यादि) पर टीकाकरण किया जायेगा। आगामी 90 दिवसों (मार्च, अप्रैल एवं मई 2025) तक चलाकर, पात्र किशोरियों को HPV वैक्सीन का टीका निःशुल्क लगाया जायेगा। टीकाकरण प्रशिक्षित टीकाकर्मियों एवं मेडिकल ऑफिसर की निगरानी में किया जायेगा। टीकाकरण हेतु सभी पात्र किशोरी बालिकाओं को यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण किया जायेगा। यह प्रक्रिया हितग्राही अपने पहचान-पत्र तथा अभिभावक के मोबाईल नंबर से स्वयं भी पूर्ण कर सकते हैं। प्रदेश में कन्ट्रोल कमाण्ड रूम स्थापित कर, हेल्पलाईन नंबर 104 जारी किया गया है। टीकाकरण के पश्चात बालिका को 30 मिनट तक स्वास्थ्य केंद्र पर अवलोकन में रखा जाएगा। टीकाकरण से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बालिका खाली पेट न हो। संभावित हल्के दुष्प्रभाव जैसे इंजेक्शन स्थल पर दर्द, सिरदर्द या थकान सामान्य हैं और शीघ्र ठीक हो जाते हैं।

**संत हरिदास भक्ति व संगीत के महान साधक थे - धर्मेन्द्र सिंह लोधी**

# स्वामी हरिदास संगीत समारोह में शामिल हुए संस्कृति मंत्री






**रीवा** । संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि संत हरिदास भक्ति व संगीत के महान साधक थे। उनकी संगीत साधना भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में समर्पित थी। वह भारतीय संगीत की परंपरा थे। मंत्री श्री लोधी प्रांतीय कलाकार संघ द्वारा स्वामी हरिदास संगीत समारोह में शामिल हुए। भारतीय संस्कृति के विरासत के संरक्षण के उद्देश्य से मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री ने कहा कि स्वामी हरिदास की संगीत साधना से भारतीय संगीत की आत्मा धुनित हो उठती थी। हमारा देश सिर्फ भूखण्ड नहीं वरन महान संतों की तपोभूमि है। ऐसे ही महान संत संगीत साधक स्वामी हरिदास जी हुए हैं। उनके सम्मान में यह आयोजन प्रशंसनीय है। प्रांतीय कलाकार संघ द्वारा गत 25 वर्षों से अनवरत यह आयोजन किया जा रहा है। स्वामी हरिदास की स्मृति में देश में दिल्ली के अतिरिक्त रीवा में ही यह आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि बघेलखण्ड की पुण्य भूमि वंदनीय है। ऐसे आयोजन आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए आवश्यक हैं और इन आयोजनों से कलाकारों को उत्साहवर्धन होता है। साथ ही उन्हें अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का भी अवसर मिलता है। ऐसे आयोजनों से आधुनिक पीढ़ी आध्यात्मिक व संगीत के साथ ही अपनी सांस्कृतिक धरोहरों से जुड़ी रहेगी। संस्कृति मंत्री ने आश्वस्त किया कि इस आयोजन के लिए संस्कृति विभाग द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इससे पूर्व आयोजन के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि गत 27 वर्षों से इस आयोजन की परंपरा अनवरत चल रही है। उन्होंने संस्कृति मंत्री सहित उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा एकल एवं समूह नृत्य व अन्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। मंत्री जी का आयोजकों ने शॉल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर कमिश्नर बीएस जामोद, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, जनपद अध्यक्ष संगीता यादव, पूर्व विधायक डॉ. पंचूलाल प्रजापति, एडवोकेट अखण्ड प्रताप सिंह, डॉ. आनंद सिंह, शिवप्रसाद प्रधान, राजेश यादव, सुभाष पाण्डेय, राजीव शुक्ला व पवन तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन और संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कमिश्नर बीएस जामोद ने कलाकारों को पुरस्कृत किया।

**शहर की नहीं सुधर रही ट्रैफिक व्यवस्था, सभी चौराहों पर जाम,सड़क पर चलना हुआ मुश्किल**

# ट्रैफिक कंट्रोल की रणनीति सिर्फ कागज पर, धरातल पर रोजाना लग रहा भीषण जाम, शाम को ट्रेन छूटने के समय एंबुलेंस तक जाम



**रीवा।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए भले ही अधिकारियों को बदलकर प्रभार दिया गया हो लेकिन हालात जस के तस बने है। शहर में रेगते दो पहिया वाहन चालको के लिए हेलमेट इस लिए अनिवार्य कर दिया गया जबकी यहां हेलमेट की आवश्यकता ही नही है। आलम यह है कि अब पेट्रोल भी नही मिलेगा और है कि कार्यालय सक नही निकलते शहर की जनता जाम झेल रही है इसका समाधन करने की जरूरत नही है ट्राफिक पुलिस पूरी तरह से नदारत रहती है कालेज चौराहे में लगा सिग्रल मुंह चिढ़ाता है क्याकी इसका कोई पालन नही करता। शहर की यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है, इसकी व्यवस्था को सुधारने का पूरी तरह प्रमुख चौराहों पर लगता है घंटों जाम कारगर उपाय नहीं किये जा रहे हैं। शाम को ट्रेन छूटने के समय में इस कदर जाम की स्थिति निर्मित होती है कि चौराहों पर एंबुलेंस तक जाम में फंस जाती हैं। शहर के प्रत्येक प्रमुख चौराहों पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यातायात पुलिस और नगर निगम की लापवाही से रीवा शहर यातायात की बदहाली का प्रतीक बन गया है। सुबह से देर शाम तक शहर की प्रमुख सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आते हैं। आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। इस अव्यवस्था का सबसे चिंताजनक पहलू तब देखने को मिलता है जब गंभीर मरीज को ले जा रही एंबुलेंस तक जाम की शिकार होकर भीड़ में खड़ी नजर आती है। दिन भर सड़कों एवं चौराहों पा लगने वाले जाम ने यातायात प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिरकार ऐसे समय में यातायात पुलिस कहां चली जाती है।

**जनता बेहाल, अधिकारी लापरवाहः** शहरवासी रोजाना इस तरह के जाम से जूझते हैं, लेकिन यातायात प्रबंधन का हाल जस का तस बना हुआ है। जिम्मेदार शहर के लगभग सभी मुख्य चौराहे जाम से जूझ रहे हैं। गुढ़ चौराहा, अस्पताल चौराहा, धोबिया टंकी, सिरमौर चौराहा, दोनो बस स्टैण्ड, ढेकहा तिराहा, अमहिया और कलेक्ट्रेट के आसपास घंटों तक यातायात अव्यवस्थित रहा। फोर्ट रोड पर तो स्थिति बेहद खराब है। जब वाहनों का लंबा जाम लग जाता है तो एकाध पुलिसिये भी कुछ नहीं कर पाते हैं। शहर की यातायात व्यवस्था कितनी चरमरा गई है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि न तो सडकों पर से ठेले हट पाये है और न ही फुटपाथ से बड़ी-बड़ी दुकानों को ही हटाया गया है।चालान काटने तक सीमित अभियानअधिकारी हर बार बहाने बनाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं, जबकि हकीकत यह है कि रीवा जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर में ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए एक मजबूत और स्थाई योजना का अभाव है। यातायात पुलिस की भूमिका केवल चालान काटने तक ही सीमित दिखती है। पुलिस स्वयं सड़क पर वाहन चेकिंग के नाम पर जाम लगाती है। जाम की असली समस्या को हल करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का होगा निःशुल्क पंजीयन,कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**होलिका दहन पर गौकाष्ठ और उपलों का होगा उपयोगपर्यावरण संरक्षण के साथ मनेगी स्वच्छ और स्वस्थ होली,**

**रीवा** । जिले में इस वर्ष होली के पावन पर्व को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संदेश के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले में 'स्वच्छ और स्वस्थ होली' अभियान के तहत लकड़ी के स्थान पर 'गौकाष्ठ' (गाय के गोबर से बनी लकड़ी) और उपलों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। शासन की इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाना और पेड़ों की कटाई रोकना है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि होलिका दहन के दौरान पारंपरिक लकड़ी का त्याग कर गौकाष्ठ और कण्डों का उपयोग करें। इसके साथ ही, प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों के प्रयोग और पशु-पक्षियों पर रंग न डालने का संकल्प लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया है। कलेक्टर ने जिले के सभी नगर पालिक निगमों, जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों को निर्देश दिए हैं कि जिले के विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का निःशुल्क पंजीयन जिला मुख्यालय, तहसील और नगरीय निकायों में कराएं। होलिका दहन के दिन मैदानी अमला आयोजन स्थलों का भ्रमण करेगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वहां जलाऊ या इमारती लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ का उपयोग हो। इसका प्रमाणन भी संबंधित अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। इस अभियान में पंचायत और पंचायती राज संस्थाओं को सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा। कलेक्टर ने इस बात पर जोर दिया है कि होली का त्योहार आपसी मतभेदों को मिटाकर भाईचारे, सामाजिक एकता और हर्षोल्लास के साथ मनाएं। हुड़दंग से दूर रहकर सुरक्षित तरीके से उत्सव मनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए हैं।

# कर्ज के विवाद में दोस्त ने दोस्त की हत्या

**बिछिया थाना क्षेत्र के कुठुलिया फार्म हाउस के पीछे बिहर नदी में मिला था युवक का शव**



**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुठुलिया फार्म हाउस के पीछे बहने वाली बिहर नदी में तीन दिन पूर्व मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। मृतक की पहचान विनीत कुशवाहा के रूप में हुई थी। हत्या के इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अनुज वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक संदेही से पूछताछ जारी है और सागर नामक आरोपी अब भी फरार है। नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ही मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था। इसके बाद पुलिस ने विभिन्न बिंदुओं पर जांच शुरू की। संदेह के आधार पर मृतक के मित्र अनुज वर्मा निवासी कुठुलिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी अनुज ने बताया कि विनीत ने उससे कुछ समय पहले कर्ज लिया था। कई बार मांगने के बावजूद जब विनीत ने रुपये वापस नहीं किए तो दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। घटना वाले दिन भी रुपये को लेकर कहासुनी हुई, जो हिंसक झड़प में बदल गई। गुस्से में आकर अनुज ने विनीत के सिर पर पत्थर से वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को बिहर नदी में फेंक दिया गया। तीन दिन पूर्व स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने नदी से शव बरामद किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए, जिससे हत्या की पुष्टि हुई। पुलिस ने तत्परता से जांच करते हुए आरोपियों की पहचान की और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।फिलहाल एक अन्य संदेही से पूछताछ जारी है, जबकि सागर नामक आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हनुमना जनपद क्षेत्र में अवैध उत्खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा

**खनन माफियाओं का कहर जारी, सब पर है भारी ना प्रशासन का डर और ना ही पुलिस का खौफ**

**मऊगंज।** जिले के हनुमना जनपद से अवैध उत्खनन की जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वे प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। एमपी यूपी सीमा से सटे संवेदनशील क्षेत्रों में पत्थर की पटियों का अवैध कारोबार बेखौफ तरीके से संचालित होने के गंभीर आरोप हैं। स्थानीय सूत्रों और जमीनी पड़ताल में यह दावा किया जा रहा है कि पहाड़ों और जंगलों को छलनी कर बेशकीमती चट्टानों को तोड़ा जा रहा है, जबकि जिम्मेदार विभाग या तो सुस्त नजर आते हैं या पूरी तरह मौन।

## खदानों की न तो अनुमति और न ही स्वीकृति,करोड़ों की राजस्व कोष आय पर लगा रहे चपत

हनुमना क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों जिनमे लोढ़ी, पातीं, गोपला, मझिगवां, जैसे दर्जनों ग्राम पंचायत क्षेत्रों में सैकड़ों खदाने बड़े पैमाने पर अवैध खनन की गतिविधियों की शिकायतें लगातार उठती रही हैं। आरोप है कि बिना अनुमति और स्वीकृति के खदानें संचालित हैं, जिससे राजस्व कोष को करोड़ों की चपत लग रही है। क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली पत्थर पटिया की मांग अधिक होने के कारण ट्रकों के जरिए यूपी और बिहार तक परिवहन का सिलसिला जारी रहने की बात कही जा रही है।

## उच्च गुणवत्ता के पत्थर की बढ़ती मांग,खनन माफियाओं का काला कारोबार

जिले के हनुमना क्षेत्र अंतर्गत दर्जनों ग्राम पंचायत में बेशकीमती पटिया का काला कारोबार धड़ल्ले से फल फूल रहा है,ये हम नहीं वहां की तस्वीरें बया कर रही है।पूरे जंगल और पहाड़ों को इस कदर छलनी करके पत्थरों को चीरकर नेस्तनाबूत कर दिया गया है कि जहां देखो चारों तरफ उजड़े पहाड़ और बिखरते जंगल में सिर्फ खाई और गड्ढे, चट्टानों को तोड़कर पत्थर की पटिया और ढोका का काला कारोबार धड़ल्ले से फल फूल रहा है।

## खनन माफिया के साथी,मीडिया टीम देख हुए हावी, जोखिम लेते हुए लोढ़ी पहुंची मीडिया की टीम

मामले की संवेदनशीलता तब और बढ़ गई जब जमीनी हकीकत जानने पहुँची



मीडिया टीम के साथ तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न होने की खबरें सामने आईं। बताया गया कि जैसे ही कैमरे मौके पर पहुँचे, मशीनें बंद कर दी गईं और कई लोग स्थल छोड़कर भाग निकले। अवैध उत्खनन में लिप्त गाड़िया स्थल से भाग खड़ी हुई,इसके बाद कथित रूप से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पत्रकारों के साथ झूमाझटकी और हमले की कोशिश की गई। यह पूरा घटनाक्रम मीडिया की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है।

## ना प्रशासन का डर और ना ही पुलिस का खौफ है

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब अवैध उत्खनन को लेकर टकराव की स्थिति बनी हो। पूर्व में भी पुलिस और वन विभाग की टीमों के साथ विवाद और हमले की घटनाएं सामने आने के दावे किए जाते रहे हैं। बावजूद इसके, अवैध खनन के विरुद्ध ठोस और सतत कार्रवाई का अभाव महसूस किया जा रहा है।

## खनिज विभाग सुस्त तो एन.जी.टी भी मस्त

सबसे अधिक सवाल खनिज विभाग की भूमिका पर उठ रहे हैं। आरोप है कि विभागीय स्तर पर कार्रवाई के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति हो रही है। क्षेत्र में सक्रिय खनन माफिया के प्रभाव के चलते सख्त कदमों की कमी की चर्चा आम है। वहीं,**NGT** द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए बने नियमों और दिशानिर्देशों की अनदेखी को लेकर भी चिंता व्यक्त की जा रही है, खासकर उन प्रावधानों की, जिनका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों और पारिस्थिति की संतुलन की रक्षा करना है। जोखिम भरे कवरेज के दौरान खनन माफियाओं ने पत्रकारों पर भी हमला बोल दिया,किसी कदर वहां से निकलना ही मुनासिब समझा अन्यथा किसी भी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था,अवैध उत्खनन में सक्रिय खनन माफिया इस कदर सक्रिय होकर बेखौफ होकर जंगल और पहाड़ों के अस्तित्व को समाप्त करने पर आतुर है।

जब इस पूरे मामले को लेकर कलेक्टर मऊगंज संजय जैन के संज्ञान में अवैध उत्खनन और पत्रकारों पर हुए हमले की जानकारी पता चली तो उनके द्वारा सख्त निर्देश देते हुए कल की घटना पर लगातार हम नजर बनाए हुए है लगातार कार्यवाहियों भी जारी है, छापे भी मारे जा रहे है,जुर्माने भी लगाए है साथ ही कई लीज पर एक्शन भी लिया गया है,अवैध उत्खनन पर खनन माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही भी की जाएगी वहीं पत्रकारों के साथ घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने तत्काल हनुमना थाने में विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है वहीं जब इस पूरे मामले को लेकर एन जी टी प्रभारी के संज्ञान में लाया गया कि पूरे पहाड़ और जंगल में अवैध उत्खनन किया जा रहा आखिर खनन माफियाओं पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही तो उनके द्वारा यह जवाब देकर अपना पल्ला झाड़ दिया गया कि ये काम खनिज विभाग का है,हमारा इससे कोई लेनदेन नहीं हैं ,यह बयान जहां एक ओर कार्रवाई की संभावना दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर अब तक की निष्क्रियता पर सवालों को भी हवा देता है। पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने वाली संस्थाओं की प्रभावशीलता पर भी चर्चा तेज है, क्योंकि जमीनी स्तर पर कथित उल्लंघनों की खबरें थमने का नाम नहीं ले रहीं। अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए रीवा सांसद जनार्दन मिश्र ने भी सख्त कार्यवाही का पूर्ण आश्वासन देते हुए खनन माफिया के गुंडा राज को खत्म करने का पूर्ण आश्वासन दिया गया गया है,तो वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता ने भी गंभीर आरोप लगाए है जबकि कमिश्नर से लेकर **ngt** और माइनिंग विभागों में आवेदन और शिकायतों के बाद भी कार्यवाही न होना बड़े सवाल खड़े कर रहा है आखिर किसके संरक्षण से बड़ी पैमाने पर अवैध उत्खनन फल फूल रहा है



# आईजी ऑफिच के सामने शव रखकर सेन समाज का प्रदर्शन,

**रीवा।** शहर में शनिवार को सेन समाज के लोगों ने 13 माह की मासूम बच्ची का शव लेकर आईजी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को बच्ची की मौत का कारण बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की। समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे बच्ची का अंतिम संस्कार उप मुख्यमंत्री के निवास के सामने करेंगे। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई।बता दे परिजनों के अनुसार, दिसंबर माह में प्रशासन ने लोही क्षेत्र में अतिक्रमण के नाम पर उनका मकान गिरा दिया था। परिवार का कहना है कि मकान गिरने के बाद वे खुले आसमान के नीचे पन्नी डालकर रहने को मजबूर हो गए थे। ठंड के मौसम में पर्याप्त सुरक्षा और संसाधनों के अभाव में बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि ठंड लगने के कारण बच्ची को निमोनिया हो गया। हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए एम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत के बाद से परिवार सदमे में है। प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और मामले की जांच का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर अपने घर के लिए रवाना हुए। दो माह से चल रहा था धरनापरिजन बीते दो माह से कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठे थे और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। उनका कहना है कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। धरने पर बैठे परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक लापरवाही और संवेदनहीनता के कारण एक मासूम की जान चली गई। उनका कहना है कि यदि समय रहते उन्हें वैकल्पिक आवास या राहत उपलब्ध कराई जाती, तो बच्ची की जान बचाई जा सकती थी।